# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 15.07.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 02 मारपीट तथा 06 अन्य प्रकरण से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना उसका बाजार का वार्षिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के पश्चात थाना स्थानीय पर नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारीगण व ग्राम प्रहरीगण के साथ गोष्ठी किया गया तथा ग्राम प्रहरीगण को छाता, साफा इत्यादि का वितरण किया गया।**

आज दिनांक 15.07.2024 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, सुश्री प्राची सिंह द्वारा थाना उसका बाजार का वार्षिक निरीक्षण किया गया, सर्वप्रथम महोदय द्वारा मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, मेस, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस., बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क तथा थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाने के विभिन्न अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर-2023 का भी महोदय द्वारा गहनता से निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा वाहन चोरी, लूट, नकबजनी,चोरी, महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध की घटनाओं की रोकथाम एवं रूटीन पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों आदि की चेकिंग प्रभावी तरीके से थानाक्षेत्र में करते रहने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थानाध्यक्ष उसका बाजार को अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करते हुए पूर्णनिष्ठा से, निष्पक्ष रूप से कार्यवाही कराते हुये बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने हेतु कहा गया तथा थाना स्थानीय के ग्राम प्रहरीगण के साथ गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुए हर छोटी व बड़ी सूचना को अपने बीट पुलिस अधिकारी को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा ग्राम प्रहरीगण को छाता, साफा इत्यादि का वितरण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के पश्चात् महोदय द्वारा थाने पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, थानाध्यक्ष उसका बाजार, वाचक पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व ग्राम प्रहरीगण मौजूद रहे।

***प्रेस नोट दिनांक 15.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर***

***◆सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना उसका बाजार में नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया तथा सम्बन्धित रजिस्टर का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।***

**आज दिनांक 15.07.2024 को सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना उसका बाजार में नव निर्मित महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया । महिला हेल्प डेस्क से महिलाओं को काफी ज्यादा राहत मिलेगी. एक शांत और सुरक्षित माहौल में महिलाएं अपनी बात को पुलिस अधिकारियों के सामने रख पायेगी। जिससे तत्काल उनकी शिकायतों का निवारण होगा ताकि वो अपने आपको असहाय या असुरक्षित महसूस न करें । कार्यक्रम के दौरान अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर, चन्दन कुमार, थानाध्यक्ष उसका बाजार एवं थाना उसका बाजार के अधि0/कर्मचारीगण, ग्राम प्रहरीगण आदि मौजूद रहें ।**

**प्रेस नोट दिनांक 15.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 15.07.2024 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र डुमरियागंज, इटवा में कस्बा डुमरियागंज स्थित सर्राफा बाजार ,बैदौला चौराहा,बेवा चौराहा, भारत चौक, कस्बा इटवा, सहियापुर ,चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।**

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**
**01-म0उ0नि0 मीरा चौहान प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02-महिला आरक्षी मधु भारती एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम ककरा पोखर में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, साइबर क्राइम इत्यादि के बारे मे किया गया जागरूक ।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) अभियान" के संबंध में दिए गए आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.07.2024 को भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना पथरा बाजार के निर्देशन में म० का0 बबिता भारती द्वारा ककरा पोखर में शिक्षा एवं सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆यातायात सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिना हेलमेट वाहन चलाना, सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनो को हटवाना आदि के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

आज दिनांक 15.07.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत बाँसी, सनई चौराहा, साड़ी तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनको हटवाया गया एवं बड़े वाहन/ट्रैक्टर-टालियो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया ,दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना तथा चार वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना, गलत दिशा मे वाहन चलाना, नाबालिक द्वारा वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर 10 वाहन मालिकों पर चालान करते हुए कुल 50 वाहनों का चालान करते हुए ₹1,42,500/- शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

**प्रेस नोट दिनांक 15.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक** 15-07-2024 **को जनपदीय पुलिस द्वारा मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।**